**प्रेस नोट संख्या- 21**
**दिनांक 14.08.2025**
**सराहनीय कार्य जनपद अमेठी**

**थाना फुरसतगंज पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल चोरी का खुलासा, चोरी की 01 मोटरसाइकिल के साथ अन्तर्जनपदीय 01 अभियुक्त गिरफ्तार।**

पुलिस अधीक्षक अमेठी श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 14.08.2025 को क्षेत्राधिकारी तिलोई श्री दिनेश कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व में फुरसतगंज पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्तों की तलाश व देखभाल क्षेत्र के दौरान बिना नंबर प्लेट मोटरसाइकिल पर सवार व्यक्ति को रोककर नाम पता पूछा गया तो चालक ने अपना नाम शिव बरन पुत्र रामफल निवासी पुरवर मजरे पुठई थाना डीह जनपद रायबरेली बताया। चालक से मोटरसाइकिल के कागज मांगने पर दिखा न सका। पूछताछ में शिवबरन ने बताया कि उसने उस मोटरसाइकिल को दो दिन पहले सीएचसी फुरसतगंज के बाहर से चोरी किया था तथा उसकी नंबर प्लेट हटा दिया था। थाना फुरसतगंज पुलिस द्वारा गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में विधिक कार्यवाही की जा रही है।

बरामद मोटरसाइकिल चोरी की है जिसके संबंध में दिनांक 13.08.2025 को थाना फुरसगंज पर मु0अ0सं0 91/25 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी की गई है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता–**

- नाम शिव बरन पुत्र रामफल निवासी पुरवर मजरे पुठई थाना डीह जनपद रायबरेली उम्र 25 वर्ष।

**पंजीकृत अभियोग-**

- मु0अ0सं0 91/25 धारा 303(2), 317(2) बीएनएस थाना फुरसतगंज जनपद अमेठी।

**बरामदगी-**

- चोरी की 01 अदद मोटरसाइकिल (बिना नंबर प्लेट)।

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

1. प्रभारी निरीक्षक श्रीराम पाण्डेय थाना फुरसतगंज जनपद अमेठी।
2. उ0नि0 रामवीर सिंह थाना फुरसतगंज जनपद अमेठी।
3. उ0नि0 तौफीक हुसैन खाँ थाना फुरसतगंज जनपद अमेठी।
4. का0 विनय कुमार गौतम थाना फुरसतगंज जनपद अमेठी।
5. का0 बृजेन्द्र सिंह थाना फुरसतगंज जनपद अमेठी।

**अभियुक्त का आपराधिक इतिहास-**

- मु0अ0सं0 186/20 धारा 323, 376, 504, 506 भादवि थाना डीह जनपद रायबरेली।